**खबर संक्षेप**

### प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल आज जिला योजना समिति की बैठक लेंगे

**मण्डला।** प्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल 22 मई 2025 को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार (योजना भवन) में जिला योजना समिति की बैठक लेंगे। आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, लोक निर्माण विभाग (भवन), लोक निर्माण विभाग (सड़क), लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग), भवन विकास कार्पोरेशन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पेयजल), म.प्र. जल निगम के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल 22 मई 2025 को प्रातः 9 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर प्रातः 10:30 बजे मंडला आगमन कर माँ नर्मदा जी के दर्शन एवं पूजन करेंगे। आप प्रातः 11 बजे पदाधिकारियों से भेंट तथा 11:30 बजे कलेक्टर कार्यालय मंडला में बैठक, दोपहर 1 बजे सर्किटहाउस आगमन कर दोपहर 2 बजे मंडला जिले से डिंडौरी, राजेन्द्रग्राम होते हुए अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मण्डला में एकलव्य योजनांतर्गत निःशुल्क प्रवेश

**मण्डला।** प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मण्डला ने बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मण्डला में शासन की अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए अति महत्वाकांक्षी एकलव्य योजना संचालित है। इसके अंतर्गत तीन वर्षीय नियमित डिप्लोमा पाठ्यकम कम्प्यूटर साइंस इंजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेसन इंजी. तथा इलेक्ट्रिकल इंजी. निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ है। शासन द्वारा प्रवेश के लिए विस्तृत समय सारणी जारी की जा चुकी है। प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए 30 अप्रैल 2025 से 1 जून 2025 तक का समय निर्धारित किया है। किसी भी एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क में जाकर अपना पंजीयन एकलव्य योजनांतर्गत डिप्लोमा के लिए करा सकती है। अतः ऐसे अनुसूचित जनजाति परिवार की छात्राएं जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रू. कम हो, वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं तथा जिनके परिवार की आय उससे अधिक है, उन्हें प्रवेश के लिए शासन द्वारा निर्धारित फीस देय होगी।

**बिना विभागीय अनुमति के सहायक परियोजना समन्वयक की नियुक्ति पर उठे सवाल**

# अपात्र पर क्यों मेहरबान प्रशासन

*** आदेश जारी कर शिक्षा विभाग विवादों में।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला शिक्षा केन्द्र मण्डला में एक सहायक परियोजना समन्वयक की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। 14 मई 2025 को जारी एक आदेश के अनुसार माध्यमिक शिक्षक, शासकीय सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाबी, विकासखंड मोहगांव को आगामी आदेश तक शैक्षणिक व्यवस्था के तहत सहायक परियोजना समन्वयक (बालिका शिक्षा), जिला शिक्षा केन्द्र मण्डला के रिक्त पद पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है।

आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त अवधि में उनका वेतन भुगतान पूर्व संस्था से ही किया जाएगा, और यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा। इसका मतलब है कि जनजाति कार्य विभाग की शिक्षिका अब जिला शिक्षा केन्द्र में कार्य करेंगी, जबकि वेतन जनजाति कार्य विभाग से ही प्राप्त करेंगी।




अब सवाल यह उठ रहा है कि इस प्रक्रिया को प्रतिनियुक्ति माना जाए, संलग्नीकरण या स्थानांतरण? जिले में पहले से ही ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, ऐसे में शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में संलग्न करना कहां तक न्यायसंगत है? साथ ही विभागीय नियमों के अनुसार सीएम राइज स्कूलों के शिक्षकों का संलग्नीकरण नहीं किया जा सकता, फिर भी यहां संलग्न किया जाना स्पष्ट रूप से नियमों की अवहेलना दर्शाता है।

#### नियमों की अनदेखी और चयन प्रक्रिया पर सवाल

विभागीय सूत्रों के अनुसार यह नियुक्ति नियमों के विरुद्ध की गई है। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा इस पद के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में न्यूनतम 25 अंक प्राप्त करना अनिवार्य था, किंतु संबंधित शिक्षिका इस मानदंड को पूरा नहीं करतीं। इसके बावजूद उन्हें नियुक्त करना अपने आप में चयन प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

आदेश में कलेक्टर की अनुमोदन का हवाला जरूर दिया गया है, परंतु यह स्पष्ट नहीं है कि अनुमोदन के समय कलेक्टर को समुचित जानकारी प्रदान की गई थी या नहीं। इस पर जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारियों से ही सटीक जानकारी प्राप्त हो सकती है।

#### जनजाति कार्य विभाग की अनभिज्ञता और आपत्ति

जब इस नियुक्ति के संबंध में जनजाति कार्य विभाग से जानकारी ली गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग को पूर्व में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई थी। जबकि जिले के सीएम राइज विद्यालय जनजाति कार्य विभाग के अधीन आते हैं, ऐसे में विभाग की पूर्व स्वीकृति या एओसी अनिवार्य थी। इसके अभाव में आदेश जारी किया जाना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का संकेत देता है।

यह भी सामने आया है कि जिला स्रोत समन्वयक बिना विभागीय अनुमोदन के जनजाति कार्य विभाग के शिक्षकों का भी संलग्नीकरण कर रहे हैं, जो कि विभागीय प्रक्रिया के विपरीत है।

#### प्रशासनिक प्रक्रिया और पारदर्शिता पर उठे सवाल

यह पूरा मामला न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता को भी प्रभावित करता है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग इस विवाद पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं और क्या इस पर कोई ठोस कार्यवाही होती है या नहीं।





#### इनका कहना है :-

*यह मामला आपके संज्ञान मे लाया गया है, कि उमावि चाबी के माध्यमिक शिक्षक को जिला शिक्षा केन्द्र मण्डला मे सहायक परियोजना(बालिका शिक्षा), के पद पर नियुक्त किया गया है, जबकि ये शिक्षक जनजाति कार्य विभाग के होने के कारण विभागीय अनुमोदन लेना आवश्यक है, बिना अनुमोदन के जिला शिक्षा केन्द्र कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। विभाग इसकी जांच कराकर वैधानिक कार्यवाही करेगा।*

**-विष्णु प्रसाद सिंगोंर, क्षेत्रीय संयोजक/प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मण्डला**

*यह रिक्त पद हेतु वैकल्पित व्यवस्था अस्थाई रूप से की गयी है, कलेक्टर साहब के अनुमोदन लेकर बाद उन्हें यहां जब तक कोई व्यवस्था नही उस समय तक के लिए लाया गया, और जनजाति विभाग को आदेश करके कापी दी गयी है।*

**-अरविंद विश्वकर्मा, परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र मण्डला**

### झोलाछाप डॉक्टरों पर नहीं हो रही कार्यवाही, दिनों दिन बढ़ रही है संख्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

मंडला जनपद पंचायत नारायणगंज एवं आसपास के क्षेत्र में दिनों दिन झोलाछाप डॉक्टर ऑन की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है परंतु अधिकारी चुप बैठे हैं जिस जिसके कारण झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले बुलंद हैं डॉक्टर अपने क्लीनिक पर दवाई रखकर बेच रहे हैं एवं अनाप-शनाप पैसे लेकर इलाज कर रहे हैं लोगों के जीवन पर खिलवाड़ कर उन्हें रोग ग्रस्त कर रहे हैं कुछ लोग जो की बोल नहीं पाते उनके स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण लोगों को अपनी जान जोकर में डालकर मजबूरी बस इलाज कर रहे हैं लगातार शिकायत होने पर भी संबंधी अधिकारी द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई न होने के कारण नारायणगंज एवं आसपास के क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर अपनी मनमानी कर रहे हैं नारायणगंज में एक दो पैथोलॉजी लैब खुले हुए हैं जो यह बता रहे हैं कि जवाबदारी लोग कितने सजग हैं और कितनी कार्यवाही कर रहे हैं अभी तक उच्च अधिकारी द्वारा कार्रवाई न होने के कारण आज तक ऐसा कोई प्रकरण डॉक्टर के खिलाफ नहीं बना जो की उन पर कोई दबाव रह सके ऐसा लगता है की अधिकारियों की मिली भगत के कारण उन डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है जिससे मनमर्जी लोगों के स्वास्थ्य पर खिलवाड़ कर रहे हैं एवं उनसे गलत इलाज कर उन्हें रेफर किया जाता है दिनदहाड़े खुलेआम डॉक्टर द्वारा मरीज को ग्लूकोज की बोतल एवं गोलियां अपने पास से दे रहे हैं उनसे उनसे अनाप-शनाप राशि लेते हैं जिसके कारण उनके स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव हो रहा है अतः संबंधित अधिकारी एवं जिला कलेक्टर महोदय से निवेदन है की इन फर्जी डॉक्टर के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जावे एवं उनके डिग्री की जांच की जावे।

### सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर ने खेत तालाब का निरीक्षण किया

**मण्डला।** मंडला जिले के जनपद पंचायत नैनपुर के ग्राम खिरसारी में हितग्राही श्री प्रीतम ठाकुर के खेत में खेत-तालाब का निर्माण किया जा रहा है। जिससे प्रीतम ठाकुर अपने खेत-तालाब में मछलीपालन, सब्जी उत्पादन व खेतों में सिंचाई कर सके। श्री प्रीतम ठाकुर के लिए खेत-तालाब का निर्माण कार्य प्रारंभ है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नैनपुर श्री विनोद मरावी ने बुधवार को हितग्राही श्री प्रीतम ठाकुर के खेत तालाब का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान प्रीतम ठाकुर से चर्चा की। श्री प्रीतम ठाकुर ने बताया कि उसके लिए खेत-तालाब निर्माण होने से वह बहुत प्रसन्न है। उसके खेत में तालाब का निर्माण होने से वह सब्जी का उत्पादन और मछली पालन करेगा।

## घाट पर गंदगी और पॉलीथीन के उपयोग पर की गई चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद मंडला के द्वारा माहिष्मती घाट एवं सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग एवं विक्रय करने साथ ही खुले में मांस मछली विक्रय करने पर चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान 11250 रूपये के चालान काटे गए साथ ही मांस मछली विक्रेताओं को समझाइए दी गई कि मांस मछली को ढक्कर रखें, खुले में काटकर विक्रय ना करें। समस्त व्यापारी लाइसेंस बनवाएं एवं नियमों का पालन करें। अध्यक्ष न.पा.परि. मण्डला श्री विनोद कछवाहा ने आम लोगों से अपील की है कि बाजार जाते समय कपड़े के थैले का उपयोग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग न करें, नगर के सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलायें, नर्मदा तट में पूजा पाठ से निकली निर्माल्य सामग्री को नर्मदा के जल में विसर्जित न करें। चालानी कार्यवाही श्री एस.सी. चौधरी, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, श्री सुनील लाहोरिया, श्री शिव धौलपुरिया, श्री पुष्पेन्द्र पाण्डेय वार्ड सुपरवाईजर के द्वारा की गई।

## बम्हनी बंजर में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के लिए आयोजित की गई प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगर परिषद बम्हनी में एसडीईआरएफ के प्लाटून कमाण्डर श्री हेमराज परस्ते एवं टीम द्वारा सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गया। इस वर्कशॉप में नागरिक सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाएं, हवाई हमले के पूर्व, दौरान एवं बाद में करने वाली कार्यवाहियों, ब्लैकआउट की कार्यवाही में क्या करना चाहिए ? इमरजेंसी सायरन आदि को विस्तार से समझाया गया। इमरजेंसी के दौरान किस तरह विक्टिम को लिफ्ट करना, मूव करना, प्राथमिक उपचार, पट्टी बांधना, सप्लिंट का उपयोग, इंप्रोवाइज मैथड से स्ट्रेचर बनाना, विक्टिम को स्टेबलाइजेड करना जैसे विषयों का प्रैक्टिकल कर बताया गया। अग्नि दुर्घटना, आग बुझाने के तरीके, अग्निशमन यंत्र के प्रकार एवं उपयोग करने का तरीका सहित अन्य आपदा उपकरणों की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष एवं वार्डो के पार्षद उपस्थित रहे।

**अतिक्रमण** | **नारायणगंज में अतिक्रमण का बोलबाला, बीच सड़क बनी सब्जी मंडी।**

# दुकानदारों के द्वारा किया जा रहा सड़कों में कब्जा

*** आवाजाही में हो रही परेशानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



बस स्टैंड से मेन मार्केट के बीच की सड़क पर सब्जी दुकानदारों का अतिक्रमण फिर से शुरू हो गया है। कई महीनों से इन्हें हटाने की कार्रवाई के बावजूद इन दुकानदारों की मनमानी जारी है। स्थानीय निवासियों ने मीडिया को शनिवार 17 मई की दोपहर 03 बजे बताया कि फुटकर दुकानदार बीच सड़क पर ठेले लगाकर यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा कुछ दिन पहले सब्जी दुकानें हटाई गई थीं, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं हुआ। एक-दो दिन बाद ही ठेले फिर से बीच सड़क पर सज गए और जगह-जगह पाल पर्दे लगा दिए गए हैं, जिससे राहगीरों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



#### पक्की दुकानों में भी बाहर लग रही दुकानें

नारायणगंज के स्थाई दुकानदार भी फुटपाथ में अतिक्रमण से पीछे नहीं हट रहे हैं ये भी अपनी दुकानों के सामान को अपनी दुकान के बाहर लग कर अपनी दुकान को फुटपाथ में ही ले आते है जिससे आवागमन अवरुद्ध होता है बसों की आवाजाही में अच्छी खासी दिक्कत का सामना उठाना पड़ता है। बताया गया कि अधिकारियों और पंचायत की बातों को ये ठेले वाले अनसुना कर रहे हैं। बार-बार निवेदन और कार्रवाई के बाद भी इन पर कोई असर नहीं दिख रहा है। मना करने पर भी ये अपनी जिद पर अड़े हुए हैं और सड़क पर कब्जा जमाकर सब्जी बेच रहे हैं। सख्त कार्रवाई न होने के कारण इन्हें बार-बार केवल नोटिस थमा दिया जाता है, जिसका इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए 181 पर भी शिकायत दर्ज कराने वाले लोगों पर अधिकारी और कर्मचारी दबाव डाल रहे हैं और उनसे शिकायत वापस लेने के लिए कहा जा रहा है। जबकि आम जनता जिस समस्या के लिए शिकायत कर रही है, वह जस की तस बनी हुई है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**भुआबिछिया।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी जोश सिंह ठाकुर, शिवानंद गोस्वामी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, जिला सचिव टेकराम राय, मोहन ठाकुर, दादा भाई विश्वकर्मा, जनपद सभापति मेवा धुर्वे, पार्षद विकाश गवले, कलीराम मार्को, भोला यादव, ममता यादव, संपत यादव, हरिश्चंद्र धुर्वे, नत्थू लाल सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## काम्बिग गश्त के दौरान नैनपुर पुलिस द्वारा 04 वारंटियों को गिरफ्तार कर किया गया माननीय न्यायालय पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा द्वारा स्थायी वारंटी, आरोपियों की धरपकड़ के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिवकुमार वर्मा व एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा की टीम द्वारा काम्बिग गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से 04 वारंटियों को धर दबोचा गया जिनमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय नैनपुर के प्रक. क्र. RCT-103/23 अप. क्र. 250/23 धारा 294, 323, 506 भादवि में वारंटी मोहित वंशकार पिता संजय वंशकार निवासी वार्ड नं. 1 नैनपुर, 2- प्रक. क्र. RCT-134/22 अप. क्र. 249/22 धारा279, 337, 338 भादवि में वारंटी सोभाराम भवेदी पिता मुन्नालाल भवेदी निवासी भालीवाड़ा चौकी पाण्डीवारा थाना बम्हनी, 3-प्रक. क्र. 232/23 अप. क्र. 334/23 धारा 34ए आब. एक्ट के आरोपी वारंटी जागेश्वर ठाकुर पिता जगदीश ठाकुर निवासी वार्ड नं. 11 नैनपुर, 4-प्रक. क्र. 187/22 अप. क्र. 357/21 धारा आरोपी वारंटी नीरज भारतीया पिता प्रहलाद भारतीया निवासी वार्ड नं. 12 नैनपुर है। वारंटियों को गिरफ्तार कर आज दिनांक को माननीय न्यायालय पेश किया गया वारंटियों/ आरोपियों की लगातार धरपकड़ की कार्यवाही जारी है। निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा, सउनि वंदना नाग, म.प्रआर. ज्योति नाग, प्रआर. प्यार सिंह कुशराम, आरक्षक ओमप्रकाश बघेल, विनोद उइके, सुनील हटोले, डोमेश्वर राउत, महिला आरक्षक रीता मरावी की विशेष भूमिका रही।

# खबर संक्षेप

## पीतल नगरी में हुआ रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/ चीचली।** स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी, आईटीईएस विषय के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं के 20 दिवसीय रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में संस्था के संचालक वृन्देश ताम्रकार द्वारा प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को संस्था में चल रहे कोर्स, ऑनलाइन विभिन्न कार्य यथा फॉर्म अपलोड, इंटरनेट के माध्यम से आधार कार्ड डाउनलोड, लेमिनेशन कार्य, फोटोकॉपी, बिजली बिल का भुगतान, आधार कार्ड जनरेट, पासपोर्ट साइज फोटो निर्माण, कंप्यूटर नेटवर्क संबंधित एचटीएमएल टैग का उपयोग, एक्सेल शीट पर वर्क इत्यादि अनेक कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण व्यावसायिक प्रशिक्षक सरफराज मोहम्मद के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ। इस रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में विद्यालय प्राचार्य भूपेश ठाकुर, व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार शिक्षको भारत ताम्रकार, विनीत नामदेव का सहयोग रहा।

## आरटीई के आवेदनों का सत्यापन कार्य में जुटे शिक्षक व अधिकारी



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शिक्षा के अधिकारी के तहत गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने की आरटीई शिक्षा योजना के तहत विकास खंड चीचली के जन शिक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम अंतर्गत अशासकीय विद्यालयों की सबसे छोटी कक्षा में निःशुल्क प्रवेशित बच्चों के प्रवेश हेतु संचालित आरटीई केंद्र में आवेदनों का सत्यापन कार्य जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर के मार्गदर्शन में सतत जारी है। बताया जाता है कि गत मंगलवार को विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल द्वारा सत्यापन केंद्र का निरीक्षण किया। इस सत्यापनकर्ता टीम के प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा बताया गया कि अभी तक आरटीई अंतर्गत कुल 130 फॉर्म जन शिक्षा केंद्र को प्राप्त हुए हैं। तथा सभी 130 फॉर्म का एप के माध्यम से ऑनलाइन सत्यापन किया जा चुका है। साथ ही आरटीई अंतर्गत सभी प्राप्त फार्मो की हार्ड कॉपी एवं अभिलेख को भी संधारित किया गया है। इस सत्यापन केंद्र में गिरीश ताम्रकार, प्रीतम सिंह कीर, धीरज जसाठी, हेमंत पटेल सहायक सत्यापनकर्ता कार्य के रूप कार्य निर्वहन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आरटीई अंतर्गत यह सत्यापन कार्य जिले के प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में कल 23 मई तक सतत जारी रहेगा।

## शिक्षित बेरोजगारों का धडल्ले से हो रहा शोषण फिर भी प्रशासन मौन

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय जिस प्रकार से शिक्षा के नाम पर लोगों द्वारा जिस प्रकार से दुकानदारी चलाई जा रही है उससे बच्चों का भविष्य बनना कम और स्कूल संचालको का निजी स्वार्थ ज्यादा ही नजर आ रहा है? क्योंकि शहर के साथ साथ ग्राम क्षेत्रों में दिन दिन ऊंग रही शिक्षण संस्थाओं की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह स्कूल शिक्षा विभागों के नियमों के विरूद्ध स्थापित सुविधाहीन शालायें शिक्षा के नाम पर व्यवसाय करने में जुटी हुइ हैं? इस प्रकार के विद्यालयों में मूलभुत सुविधाओं अलावा विशेषज्ञ शिक्षकों एवं खेल मैदानों का अभाव एक विकट समस्या बना हुआ है, जिसका प्रभाव छात्रों पर पड़ रहा है। इस शहर शहरों के साथ गांव गांव स्थापित निजी शालायें मात्र शिक्षा की दुकान बनकर रह गई हैं? ऐंसी दुकाननुमा शालाओं की शिक्षा हमारे होन हारों पर क्या असर छोड़ेगी इससे सभी अंजान नहीं हैं? शिक्षा की दुकान बनी निजी शालाओं को बढ़ावा देने में पालक भी कम दोषी नहीं हैं। क्योंकि वे जानबूझकर निजी शालाओं के आकर्षण में पड़कर बच्चों का दाखिला करवा देते हैं और बाद में पछताते हैं। इस समय शहरों के आलवा ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जावे तो ऐसी अनेक शिक्षण संस्थायें हैं जहाँ पर मात्र 10 वीं से 12 वीं पास युवक युवती अल्प वेतन मानदेय पर शिक्षक के रूप में सेवाये देकर बेरोजगारी के समय में शोषित हो रहे हैं। इन निजी शालाओं में ना तो छात्र-छात्राओं को पीने के लिये शुद्ध पेयजल, पेशाबघर, शौंचालय, खेल मैदान व बैठने के लिये हवादार कमरे भी नहीं हैं। शहर के साथ साथ गांवों में ऐसी कई शालायें तो किराये के रहवासी मकानों में लग रहीं हैं इसके बाद भी शिक्षक संस्थाओं के संचालक पालकों से सभी व्यवस्थाओं के नाम पर मनमानी फीस वसूल रहे हैं। वही कुछ स्कूलों के संचालको बात करे तो वह गांव में इस प्रकार से अग्रेजी स्कूलों का संचालन कर रहे है, जिन्हे खुदे तो अग्रेजी आती नही है।

# पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के दो युवकों के पास से जप्त किया डेढ़ लाख से अधिक कीमती स्मैक








**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

क्षेत्र में एक बार फिर मादक पदार्थ यानि की स्मैक पावडर का अवैध कारोबार जोर पकड़ते हुये दिखाई देना शुरू हो गया है। इसी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये चलाये जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत गाडरवारा पुलिस द्वारा समीपस्थ सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के दो युवकों के पास से 1 लाख 60 हजार रूपया कीमत का मादक पदार्थ स्मैक पावडर पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि नगर निरीक्षक विक्रम रजक को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर की गोल्डन सिटी क्षेत्र में एक युवक कुछ मादक पदार्थ विक्रय करने की जुगाड़ में घूम रहा है। इस सूचना से टीआई रजक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी टेगा द्वारा आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ने के आदेश जारी किये गये। जिसके चलते अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग व नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस तरह बनाई गई टीम में नगर निरीक्षक विक्रम रजक के आलवा उप निरीक्षक नीलेश बडकुर, सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, पुनीत कटारे, प्रधान आरक्षक भास्कर कौरव, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, राकेश, बाल कृष्ण रघुवंशी, दिनेश पटैल, हरिशंकर, ऐश्वर्य, देवेन्द्र, सुजीत, नेहा पटैल व कुमुद पाठक, सैनिक राजेश को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर गोल्डन सिटी के पास छापा मारते हुये एक संदिग्ध युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम सुनील पिता महादेव मेहरा उम्र 45 साल निवासी ग्राम बनवारी थाना सांईखेडा बताया गया। वही युवक की तलाशी लेने पर पुलिस को आरोपी के पास से 6.24 ग्राम स्मैके जप्त की गई। इसी प्रकार से एक अन्य दूसरे स्थान यानि की गोची कुआ हनुमान मंदिर सांईखेड़ा रोड पर भी पुलिस द्वारा एक संदिग्ध युवक को पकड़ते हुये की गई पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम परूषोत्तम उर्फ फददू पिता गनेश राजपूत उम्र 36 साल निवासी ग्राम खमरिया थाना सांईखेड़ा बताया गया। वही पुलिस द्वारा ली गई तालाशी के दौरान इसके पास से पुलिस को 7.86 ग्राम स्मैक पावडर मिला। इस तरह गाडरवारा पुलिस द्वारा दोनों युवको के पास से कुल मिलाकर 14 ग्राम स्मैक पावडर जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 1 लाख 60 हजार का जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। वही आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तारर करने के बाद मा.न्यायायल के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह इतनी मात्रा में यह स्मैक पावडर लेकर कहा से आये हुये थें और इस क्षेत्र में किसको विक्रय करने की जुगाड में घूम रहे थें। पकड़े गये आरोपियों से यदि पुलिस यह राज उगलवाने में सफल हो जाती है तो निश्चित इस नशे के बड़े कारोबारी तक पहुंचने में पुलिस को देर नही लगेगी और इस मौत के कारोबार को जड़ से समाप्त करने में सफलता मिल सकती है। इस तरह गाडरवारा पुलिस के हाथ काफी लम्बे अंतराल के बाद मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है। वही कार्यवाही की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो इसके पहले गोल्डन सिटी क्षेत्र में ही पुलिस द्वारा बीते हुये माह लगभग पचास लाख कीमत की अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी। वही निश्चित गाडरवारा पुलिस थाने के रिकार्ड में इस दसक की जहां बड़ी कार्यवाही मानी जा रही थी। इस तरह गोल्डन सिटी क्षेत्र पूर्णरूप से मादक पदार्थो के अवैध कारोबारियों के लिये प्रमुख अड्डा बन चुका है। क्योंकि पुलिस द्वारा पूर्व में की गई अनेक कार्यवाही के दौरान इस क्षेत्र में अनेक मादक पदार्थ के कारोबारियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस सच्चाई के चलते अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि आखिरकार मादक पदार्थो के कारोबार इस क्षेत्र को ही सबसे अधिक सुरक्षित क्यों समझते है जिसके चलते गोल्डन सिटी क्षेत्र में पहुंचकर अपने अवैध कारोबार को अंजाम देते हुये देखे जाते है। क्या इस क्षेत्र में कोई बड़ा सौदागर निवास करता है जिसके संरक्षण में यह अवैध कारोबार संचालित हो रहा है..? ज्ञात हो कि यह गाडरवारा पिपरिया का प्रमुख मार्ग होने के साथ साथ यहां पर बाहर से आने वाले डम्फरों का जमावडा लगा रहता है। जहां पर देश के अनेक प्रांतों के डम्फरों की आवाज जाही होती है और उन्हें कई दिनों तक खड़ा देखा जाता है। क्योंकि जिस प्रकार बीते हुये माह पुलिस द्वारा जिस प्रकार से भारी मात्रा में जो शराब पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी उसमें भी राजस्थान प्रांत के डम्फरनुमा ट्राला में परिवहन करते हुये पकड़ा गया था। इस तरह मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के लिये इस समय गोल्डन सिटी क्षेत्र चर्चा का विषय बन चुका है।

## सांदीपनि विद्यालय में समर कैम्प का हुआ सफल आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** नगर के सांदीपनि विद्यालय में एक मई से प्रारंभ हुए ग्रीष्मकालीन समर कैम्प में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी करते हुए विविध कलाओं व गतिविधियों में अपने कौशल को निखारा। इस संबंध में कैम्प के प्रभारी भानु प्रताप राजपूत व लालसिंह लोधी के नेतृत्व में आयोजित किये गये इस कैम्प को सात विभिन्न थीमों में विभाजित किया गया, जिससे विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। लगभग 150 विद्यार्थियों से आरंभ हुआ कैम्प अंततः 200 से अधिक बच्चों की भागीदारी तक पहुंचा। वही संस्था प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को उनकी रुचि अनुसार वर्गीकृत कर विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। प्राथमिक विभाग में शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल ने मांडना और मधुबनी जैसी पारंपरिक चित्रकला से बच्चों को अवगत कराया गया। वहीं लोक संस्कृति की पहचान बिरहा से बच्चों को परिचित कराने के लिए विशेष सांस्कृतिक दल आमंत्रित किया गया। वही संगीत शिक्षक तरुण श्रीवास्तव ने बच्चों को संगीत की बारीकियों से रूबरू कराया गया। जबकि खेल गतिविधियों का संचालन आदित्य द्विवेदी ने किया। पुस्तकालय गतिविधियों का संचालन रीतेश अवस्थी के मार्गदर्शन में हुआ और बुंदेली लोककला का जीवंत प्रदर्शन प्रभारी भानुप्रताप राजपूत द्वारा किया गया। भाषा ज्ञान को केंद्र में रखते हुए चंद्रशेखर बसेडिया के निर्देशन में भाषायी समर कैम्प भी संचालित हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की गई। इस कैम्प में अर्चना तिवारी, सोनल दीक्षित, कीर्ति चौबे, दीपमाला धुर्वे, मनीष तिवारी, अखिलेश मेहरा, दुर्गेश शुक्ला, हरिगोविंद पटेल, मनोहर पटेल, रूप सिंह, विष्णु व सुधीर प्रजापति सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी सहयोग प्रदान किया। समर कैम्प के दौरान विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से नाश्ते की व्यवस्था भी की गई, जिसमें भाईजी चौधरी व सरदार सिंह राजपूत का विशेष सहयोग रहा। कैम्प के समापन के पश्चात अब विद्यालय में मंडल द्वारा आयोजित द्वितीय अवसर की परीक्षाओं की तैयारी के लिये कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाओं का संचालन आरंभ हो गया है। प्राचार्य विश्वकर्मा ने इन कक्षाओं में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति की अपेक्षा जताई गई है।

# ड्रग विभाग व पुलिस द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही के चलते अनेक मेडिकल दुकानों पर मारा छापा, नशीले इंजेक्शन विक्रय पर प्रशासन हुआ सक्त







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस समय क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के साथ साथ युवाओं में नशीले इंजेक्शन का उपयोग किये जाने की लगातार शिकायते मिलने के चलते जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन में बीते हुये दिवस ड्रग विभाग व गाडरवारा पुलिस द्वारा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में संयुक्त कार्यवाही करते हुये अनेक मेडिकल दुकानों पर छापा मारते हुये जान बीन किये जाने की खबर है। बताया जाता है कि जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के द्वारा अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए जा रहे सतत प्रयासों के चलते ड्रग इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार जैन तथा गाडरवारा पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए दवाओं को नशे के रूप मैं उपयोग किये जाने की शिकायतों के चलते ग्राम समीपस्थ ग्राम कौड़िया स्थित 03 मेडिकल स्टोर्स क्रमशः नितिन मेडिकल स्टोर्स, माँ बीजासेन मेडिकल स्टोर एवं गोस्वामी मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि इस निरीक्षण दौरान उपरोक्त मेडिकल स्टोर्स के रिकार्ड एवं उपलब्ध नारकोटिक्स दवाओं के क्रय - विक्रय रिकॉर्ड की जांच की गयी। वही मेडिकल स्टोर में अनियमितता पाये जाने पर मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने की खबर है। इसी प्रकार उक्त संयुक्त टीम के द्वारा गाडरवारा के मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर में औषधियों का रिकॉर्ड की जांच की गयी तथा सम्पूर्ण रिकॉर्ड एवं गाडरवारा स्थित तीन दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त कार्यवाही में ड्रग जिले मुख्यायल से आये हुये इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार जैन तथा थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक विक्रम रजक एवं थाने का अन्य पुलिस बल मौजूद रहा। इस संयुक्त टीम के द्वारा सभी मेडिकल स्टोर्स संचालकों को बिना डॉक्टर के प्रिसक्रिपशन के किसी भी व्यक्ति को दवाएँ, इन्जेक्शन, सीरिंज एवं प्रतिबंधित दवाएँ ना देने के संबंध में हिदायत दी गई। जांच टीम द्वारा कहा गया है कि यदि किसी भी मेडीकल द्वारा आदेशों की अव्हेना की गई तो सख्त कार्यवाही की जावेगी।

# अतिक्रमण के जाल में उलझी शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल निजी स्वार्थ के चलते मुख्य सड़कों जमा लिया जाता है कब्जा





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस समय देखा जा रहा है कि नगर का यातायात जहां पूर्णरूप से भगवान भरोसे हो गई है, क्योंकि नगर सड़कों पर जहां आवारा जानवरो का जमावड़ा बना रहता है वही दूसरी ओर देखा जात रहा है कि लोगों द्वारा मुख्य सड़को के आस पास अतिक्रमण का जाल बिछाने के कारण सड़के व चौराहे संक्रीण होते चले जा रहे वही दूसरी ओर अनियंत्रित गति से वाहन चलाने के फैशन के चलते वर्तमान में शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल होती जा रही है और पुलिस ने पूर्व में नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार की जो कवायद करने की बात कही गई थी वह सिर्फ बैठकों तक ही सीमति होते हुये जान पड़ी..? क्योंकि इन दिनों यातायात व्यवस्था बिगड़नें का परिणाम है कि बड़े वाहनों से लेकर छोटे वाहन तक फर्राटे से शहर की सड़कों पर दौड रहे है, जिनमें क्षमता से अधिक सवारी भर वाहन चालक अपने वाहन बेखौफ चला रहे है और दो पाहिया वाहनों में शान से तीन सवारी बैठी नजर आ रही है? जिसका आलम यह है कि शहर के मुख्य स्थानों पर शाम के बाद रोज जाम लगने की स्थिति दिखायी पड़ रही है और सड़कों पर वाहनों की बेरोक टोक आवाजाही से शहरवासियों, राहगीरो का सड़कों को पार करना मुश्किल हो रहा है और वाहनों का घमाशान जारी रहने से आमजन तो परेशान हो ही रहे है साथ ही दुर्घटनाओं का अंदेशा भी सदा बना रहता है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर के मुख्य बाजार में लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के चलते अपने घरों व दुकानों के सामन मुख्य मार्ग पर निजी बैरीकेट लगाते हुए इस प्रकार से अतिक्रमण किया जाता है जिसके चलते प्रतिदिन मुख्य मार्गो पर जाम की स्थिति निर्मित होते हुए देखी जा रही है। यदि इन प्रभावशालियों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही का डंडा घुमाती है तो यह लोग अपना रौब जमाते हुए पुलिस को चुप कराने के लिए झूठी शिकायते करने से भी नही चूकते है...? इस स्थिति में नगर की यातायात व्यवस्था लगातार विगड़ते हुए देखी जा रही है? गौरतलब है कि नगर के मुख्य बाजार, झंडा चौक के आलवा बैंकों की शाखाओं और अन्य सार्वजानिक स्थानो पर पार्किंग व्यवस्था न होने से आमतौर पर वाहन बेतरतीब ढंग से सड़कों के किनारे खड़े करने के साथ साथ अनेक लोग अपने वाहनों को मुख्य सड़को पर ही खडे रहते है, जिनके कारण यातायात अराजक हो उठता है। ज्ञातव्य है कि शहर में एक भी एकांगी मार्ग न होने का नतीजा है कि लगातार नगर की यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है और उसके सुधरने के लक्षण फिलहाल नजर नहीं आ रहे है। उल्लेखनीय है कि तहसील मुख्यालय होने के नाते गाडरवारा शहर की अहमियत बढ़ती चली जा रही है। नगर में पहले की तुलना में वाहनों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के साथ साथ आबादी में भी वृद्धि हो रही है। वही ग्रामवासियो के जरूरी कामों से निरंतर आने के आलवा एन टी पी सी पावर प्लांट की स्थापना और औद्योगीकरण की रप्तार बढ़नें से यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है, इस सच्चाई के चलते क्षेत्रवासियो की दरकार है कि अब शहर की यातायात व्यवस्थ को सुवि धाजनक बनाने की प्रशासनिक पहल की जाए, इसके अलावा पानी की टंकी, झंडाचौक, पलोटन गंज आदि महत्वपूर्ण स्थानो पर ट्रेफिक कंट्रोल के पुख्ता इंतजाम व्यापक जनहित में किए जाएँ। विदित हो कि शहर के थाने में जनसुरक्षा के लिए पुलिस बल तो कम है ही साथ ही यातायात पुलिस कर्मियो का भी अभाव है, जिसकी वजह से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार की सम्भवना सीमट कर रही गयी है। इसे विडम्बना ही कहा जाए कि सामाजिक संस्थाओं, नेताओं क्षेत्र में जनसेवा की दुकानदारी कर रहे लोगों ने शायद शासन प्रशासन के समक्ष यह आवाज नही उठायी कि बदले दौर में शहर की यातायात पूरी तरह सुधार कर जनता को निर्भय बनाया जाए। वही दूसरी ओर नगर में देखा जा रहा है कि नगर में जहां तहां बनी हुई पक्की नालियों पर लोगों द्वारा अपने घरों के प्रवेश द्वारा व दुकानों की सिडियाँ बनाकर उन पर कब्जा कर लिये जाने का परिणाम है कि इस समय नगर के अनेक जगहों की नाली लोगों के अतिक्रमण में होने से उनपर कब्जा हो गया है जिसके चलते नालियाँ साफ नही होने के कारण यह नाली चोक हो चुकी जिसके चलते नालियों का निकलने वाला गंदा पानी मुख्य सड़कों पर बहता हुआ आसानी से देखा जा सकता है। इस स्थिति में लोगों को उसी गंदे पानी के बीच से निकलने मजबूर होना पड़ रहा है। यदि इन नालियों को अतिक्रमण से मुक्त कराय दिया जावे तो निश्चित तौर से इन नालियों की नियमित सफाई होने लगे तो नगर की सफाई व्यवस्था में भी सुधार आ सकता है।

## बी- पेक्स समितियों का पुर्नगठन करने के लिए 5 दिवस के अंदर आपत्ति कर सकते हैं दर्ज, प्रशासकों को जारी किये आदेश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जन संपर्क जिला कार्यालय द्वारा जारी की गई सूचना के अनुसार कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता द्वारा बी-पेक्स समिति का पुनर्गठन किये जाने के संबंध में मप्र सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 16 (3) में कार्यवाही किये जाने प्रशासकों को आदेश जारी किये गये थे। आदेश के परिपालन में प्रशासकों द्वारा बी- पेक्स में आमसभा आयोजित कर पुर्नगठन का निर्णय लिया गया है, जिसकी कार्यवाही प्रशासकों द्वारा प्रभारी उप आयुक्त सहकारिता नरसिंहपुर के कार्यालय में प्रस्तुत की गई है। उक्त कार्यवाही के आधार पर गाडरवारा क्षेत्र की जिन संस्थाओं का पुर्नगठन किया जाना है। उनमें गाडरवारा में पेक्स पुर्नगठन किया जाना है, जिसमें पहले गाडरवारा, चिरहकला, गुर्जरझिरिया, चामचोम, सांगई, केकरा, बरहटा, बरेली, कजरोटा, घुरपुर ग्राम शामिल हैं। अब पुर्नगठन के पश्चात बरहटा मुख्यालय में केकरा, बरहटा, बरेली व कजरोटा ग्राम नवीन पेक्स में सम्मिलित किये जायेंगे। इसी प्रकार से सासबहु (सांईखेड़ा) में पेक्स पुर्नगठन किया जाना है, जिसमें पहले सासबहु, बासखेड़ा, पिपरिया खुर्द, चादोन, सुपारी, देवरी, मिढवानी, खैरी, पाली, सुखा, बम्होरी, खिरिया, करहैया ग्राम शामिल हैं। अब पुर्नगठन के पश्चात देवरी मुख्यालय में चादोन, सुपारी, देवरी, मिढवानी, खैरी, पाली, सुखा ग्राम नवीन पेक्स में सम्मिलित किये जायेंगे। पिपरपानी में पेक्स पुर्नगठन किया जाना है, जिसमें पहले पिपरपानी, बंधा, अनघोरी, टुईयापानी, टेकापार, पिपरिया कला, उड़नी ग्राम शामिल हैं। अब पुर्नगठन के पश्चात पिपरिया कला मुख्यालय में पिपरिया कला, उड़नी, टेकापार ग्राम नवीन पेक्स में सम्मिलित किये जायेंगे। रम्पुरा (सांईखेड़ा) में पेक्स पुर्नगठन किया जाना है, जिसमें पहले सांईखेड़ा, बम्होरी, रहली, बरहटा, रम्पुरा, झिरिया, पिटरास, खिरैअी, महुआखेड़ा केलकच्छ ग्राम शामिल हैं। अब पुर्नगठन के पश्चात सांईखेड़ा मुख्यालय में सांईखेड़ा, बम्होरी, पिटरास, महुआखेड़ा खिरैटी ग्राम नवीन पेक्स में सम्मिलित किये जायेंगे। प्रभारी उप आयुक्त सहकारिता नरसिंहपुर ने बताया कि पुर्नगठन पश्चात नवीन पेक्स के मुख्यालय में नवीन पैकस में सम्मिलित ग्रामों के नाम के अनुसार नवीन बी- पेक्स संस्थाओं का गठन किया जाना है, जिसमें नवीन पेक्स में सम्मिलित ग्राम सम्मिलित रहेंगे। अतः पेक्स जिसका पुनर्गठन किया जाना है, उनमें समितियों के किसी सदस्य को उक्त पुर्नगठन में कोई आपत्ति हो, तो वह लिखित में 5 दिवस के भीतर पुरानी तहसील नरसिंहपुर के पास उप आयुक्त सहकारिता में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित समयावधि तक यदि कोई आपत्ति नहीं आती है, तब यह माना जायेगा कि किसी भी सदस्य को उक्त पुर्नगठन के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है। मप्र सहकारी सोसायटी अधिनियम के अनुसार उक्त समितियों का पुर्नगठन कर दिया जावेगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं पर हाईकोर्ट की सख्ती

7 दिन में विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात करने का आदेश

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था को लेकर पूर्व पार्षद देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल के साथ ही नागरिकों के द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भूख हड़ताल करते हुए आंदोलन कर रहे थे। मांग में यह उल्लेख किया गया था कि कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों से डॉक्टरों की ड्यूटी लगाते हुए काम चलाया जा रहा है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा नाम का रह गया है यहां अधिकतर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। दवाइयां की भी कमी आए दिन बनी रहती है। साफ सफाई के साथ ही अन्य व्यवस्था के सुधार कार्य जाने हेतु मांग किया गया था लेकिन प्रशासन के द्वारा जबरन देवशरण सिंह एवं दीपक पटेल को स्वास्थ्य संबंधित समस्या बात कर अनशन स्थल से उठाकर जिला चिकित्सालय ले जाया गया और यह कहते हुए की जल्द ही अस्पताल की व्यवस्था में सुधार करते हुए शासन स्तर पर पत्राचार कर डॉक्टरों की पदस्थापना की मांग की जाएगी, लेकिन आज तक ना तो अस्पताल की व्यवस्था में सुधार आया और ना ही डॉक्टरों की पदस्थापना की गई जिसके कारण यहां के लोगों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए पूर्व पार्षद देवशरण सिंह समाजसेवी दीपक पटेल के द्वारा नगर के अधिवक्ता राजेश शर्मा से मिलकर उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता अभिषेक पांडे के माध्यम से याचिका दायर की गई। याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के डबल बेंच के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और न्यायाधीश विवेक जैन के द्वारा आदेश पारित करते हुए कहा गया कि प्रतिवादियों के विद्वान वकील ने कहा कि डॉक्टरों की स्वीकृत संख्या 15 है और 15 स्वीकृत डॉक्टरों में से 8 डॉक्टर अनुपस्थित हैं। कार्यरत हैं और 7 स्पष्ट रूप से रिक्त हैं और सभी विशेषज्ञ पद रिक्त हैं। मध्य प्रदेश राज्य, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से, निवासी वल्लभ भवन भोपाल, जिला-भोपाल मध्य प्रदेश को निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के भीतर कम से कम एक विशेषज्ञ चिकित्सक, एक सर्जन और एक स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित एक महिला चिकित्सक की नियुक्ति करे और शेष रिक्तियों को भी शीघ्रता से, अधिमानतः उसके बाद चार सप्ताह के भीतर भरा जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि आदेश का पालन केवल डॉक्टरों की तैनाती से ही नहीं होगा, बल्कि विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इस उद्देश्य के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था भी की जाएगी। यह व्यवस्था भी आज से 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यदि प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई निष्क्रियता है, तो याचिकाकर्ता एक आवेदन प्रस्तुत करके वर्तमान याचिका को पुनर्जीवित करवा सकता है, क्योंकि यह मामला मुख्य रूप से आदिवासी बहुल सुदूर क्षेत्र में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं से संबंधित है। उपर्युक्त निर्देश के साथ, याचिका का निपटारा किया जाता है। बर्षो से कोतमा क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सुविधा को लेकर परेशान थे यहां तक की कोतमा क्षेत्र से राजनीति में पकड रखने वाले जनप्रतिनिधियो के साथ ही इस जिले से एक पूर्व मंत्री एवं एक मंत्री भी मध्य प्रदेश शासन में है। उसके बावजूद भी यहां के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है कई बार तो इलाज के अभाव में जान भी जा चुकी है। इन सब को देखते हुए पूर्व पार्षद देवशरण सिंह दीपक पटेल अधिवक्ता राजेश शर्मा के द्वारा एक अच्छी पहल की गई और जबलपुर के अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय के द्वारा अच्छी पहल करते हुऐ पैरवी कर यहा के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने मे महती भूमिका निभाई गई उच्च न्यायालय के द्वारा मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए डॉक्टरों की पद स्थापना करने के आदेश पारित किए गए जिससे नगर के नागरिकों ने इन लोगों का आभार व्यक्त किया है।

## करंजिया के रूसा में वारदात 5 संदेही हिरासत में

# रात के अंधेरे में घर में घुसकर हमला पुत्र की मौत, मां और बेटी गंभीर

डिंडौरी



जिले के करंजिया थाना अंतर्गत ग्राम रूसा गांव में मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात को एक विधवा और उसके दो बच्चों पर क्रूरता पूर्वक हमला करने की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।हमले में 10 वर्षीय पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि मां और बेटी की गंभीर हालत को देखते हुये बुधवार की दोपहर मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है।पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 109ए 115ए103;1द्ध बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुयेए संदेह के आधार पर पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।प्रारंभिक तौर पर वारदात के पीछे प्रेम प्रसंग को कारण समझा जा रहा है। मामले की जानकारी ग्रामीणों को तब लगीएजब बुधवार की सुबह 10 बजे तक पीड़ति परिवार के मकान का दरवाजा नहीं खुला।जिसके बाद ग्रामीणों ने अंदर देखा तो तीनों को रक्तरंजित स्थिति में देखकर पुलिस को सूचना दी।जानकारी के मुताबिक करंजिया अंतर्गत रहंगी रैयत के भर्रा टोला में सरस्वती आर्मो 35 वर्ष आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ है।सरस्वती के पति शुभकरण आर्मो की दो वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है।शुभकरण का रूसा बस स्टैंड में मुख्यमार्ग किनारे मकान हैएजिसमें कपड़े की दुकान भी संचालित है।यहीं पर सरस्वती अपने 10 वर्षीय पुत्र हिमांशु और 6 साल की बेटी परिधि के साथ निवासरत थी।बुधवार की सुबह 10 बजे तक सरस्वती की दुकान की शटर नहीं खुलने पर आसपास के लोगों ने शटर उठाकर खोली तो मामले की भनक लगी।जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात 12 से 3 के बीच अज्ञात हमलावरों ने यही पर वारदात को अंजाम दिया है।पुलिस ने शुरुआती जांच में लोहा की वजनदार वस्तु से हमले की आशंका जताई है।मृतक और दौनो घायलों के सिर पर संघातक चोट पाई गई हैं।पुलिस ने हिमांशु के शव का पीएम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं सरस्वती और परिधि की नाजुक स्थिति को देखते हुये दोनो को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।बताया गया है कि मां और बेटी को अभी भी होश नहीं आया है।फिलहाल पुलिस संदेहियों से पूछताछ में जुट गई है।

## जनपद पचायत बजाग में हुआ होमगार्ड का एक दिवसीय प्रशिक्षण



डिंडौरी

भारत सरकारए राज्य शासन द्वारा प्रसारित आदेशों एवं महानिदेशक होमगार्ड्स तथा कंट्रोलर सिविल डिफेंस द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन में जिला कार्यालय होमगार्ड् डिंडौरी में मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट की उपस्थिति में नए 52 सिविल डिफेंस वोलेंटियर एवं 9 होमगार्ड का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पचायत बजाग में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजाग की मुख्य आतिथ्य में चलाया गया जिसमें वोलेंटियर को हवाई हमले के दौरान बचाव कार्यए रेड एवं ग्रीन सायरन की जानकारीए ब्लैकाउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियांए नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवाओ की जानकारी एघायलों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की विधिए आग की जानकारी एवं प्रथमोपचारए रक्त बहाव को रोकना ऊचे भवन से घायल को नीचे उतारने के तरीके आदि विषयों के संबंध मे प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण मे प्लाटून कमाण्डर शिवराज पन्द्रेए एसडीईआरएफ टीम द्वारा वोलेंटियर को प्रशिक्षण दिया गया एवं उपस्थित सी डी वोलेंटियर को अधिक से अधिक नए वेलेंटियर जोड़ने हेतु समझाइश दी गई।

## गेहूं की फसल जलकर हुई नष्ट, मुआवजा की मांग

डिंडौरी.



जनपद पंचायत समनापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदरानी निवासी किसान ने गेहूं की फसल जलकर राख होने के मामले में की गई जांच पर सवाल उठाते हुए जनसुनवाई में आवेदन दिया है। आवेदन में रामबदन ने बताया कि उसके खेत में जलकर नष्ट हुई गेहूं की फसल का जांच प्रतिवेदन पटवारी द्वारा बनाया गया था। साथ ही 5000 की मांग की गई थी। रुपए न देने पर मुझे आज तक क्षतिपूर्ति का कोई मुआवजा नहीं मिल पाया है। किसान ने बतलाया कि मैंने इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की थी। जिसमें बताया गया था कि नायब तहसीलदार द्वारा शिकायत बंद करा दी गई है। तहसीलदार ने कारण बताया है कि आवेदक के पास कोई भूमि नहीं है न ही उसने गेहूं की फसल बोया था। इस कारण शिकायत बंद करा दी गई है। पीड़ति द्वारा मांग की गई है कि पटवारी और तहसीलदार द्वारा की गई जांच की दोबारा जांच कराकर कार्रवाई की जाए।

## आंधी तूफान बारिश के साथ गिरे ओले, दर्जनों पेड़ धाराशाई

### आम जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

**डिंडौरी.** जिले के बजाग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत किकरातालाब में मंगलवार की दोपहर लगभग तीन बजे मौसम में परिवर्तन के साथ आए आंधी तूफान और बारिश के बीच जमकर ओलावृष्टि हुई हैं । प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह आसमान साफ था और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल थे और दिन के ढाई बजे बाद मौसम में अचानक बदलाव आया और काले बादलों की खेप आना शुरू हो गई पहले आंधी तूफान ने अपना जोर दिखाया फिर मूसलाधार बारिश के साथ लगभग सात मिनट तक आंवले के आकार के ओले गिरे जिससे आमजनजीवन को अस्त व्यस्त हो गया । बताया गया कि तूफान का असर इतना तेज था कि किकरा तालाब से लेकर गाड़ासरई तक हाइवे किनारे तथा खेत और जंगल में लगें दर्जनों यूकेलिप्टस के पेड़ के साथ अन्य कमजोर प्रजाति के वृक्ष जड़ से उखड़ कर जमीन पर धाराशाई हो गये। बताया गया कि देर शाम तक प्रभावित क्षेत्रों में विघुत सप्लाई बंद रही ।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्य

डिंडौरी



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में नदीए तालाबोंए कुआंए बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चैहान द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को चैपाल के माध्यम से अभियान का उद्देश्य बताते हुए जल का महत्व तथा जल का उपयोग एवं संरक्षण का महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। मण प्रण जन अभियान परिषद् जिला डिंडोरी विकासखंड समनापुर अंतर्गत चयनित नवांकुर संस्था स्वतंत्र ग्राम विकास समिति भाजीटोला सेक्टर 01 समनापुर अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम कुकर्रामठ में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम के प्रस्फुटन समिति और आस पास के कुछ महिला पुरुषों ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए उन्हें अधिक से अधिक मात्रा में जल संरक्षण करने की सलाह दी गई। और समिति को अपने ग्राम में जल श्रोतों को संरक्षित करने हेतु प्रेरित किया गया। हेडपंप के आस पास साफ सफाई किया गया इसके बाद सबको जल संरक्षण हेतु गई। इस कार्यक्रम में मण प्रण्जन अभियान परिषद के नवांकुर सेक्टर प्रभारी मोलेराम परतेती मेंटर केशव सिंह ठाकुर प्रस्फुटन समिति से सचिव अध्यक्ष सदस्य उपस्थित रहे साथ ही ग्रामवासी के लोग शामिल हुए। सोमवार को जल गंगा संर्वधन के तहत ग्राम रैतवार में मेंटर्स धन्नूसिह तेकाम एव ग्रामीणो के द्वारा जल संरक्षण को लेकर तालाब के अन्दर मे स्वच्छता अभियान चलाकर लगभग 2 घंटे का श्रमदान कार्य किया गया। जिससे ग्राम वासियो को सहुलियत होगा और बरसात के पानी इक्ट्ठा होने लगा जिससे गंदगी से मुक्ती मिलेगा और पानी का सदुपयोग होगा एव पानी सहेजने की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम मे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मुरली मरावीए सचिव मुकेशवरी तेकामए छात्र गणेश सिंह श्यामए मोहन सिंहए रामकिशोर एव ग्रामीणां ने सहयोग प्रदान किया गया। नवांकुर संस्था वसुंधरा ग्राम विकास समिति भानपुर द्वारा भानपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नदी के आसपास स्वच्छता कार्य किया गया जिसमें नवांकुर संस्था .वसुंधरा ग्राम विकास समिति भानपुर से गुरुदास कुलदीपए एवं ग्रामवासियों की सहभागिता रहीं।

## दूसरे गांव के व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर किया जा रहा अतिक्रमण

पीड़ति ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में दिया गया आवेदन

**डिंडौरी।** *जनपद पंचायत अमरपुर के अंतर्गत ग्राम लखनपुर में दूसरे ग्राम के व्यक्ति के द्वारा बगैर अनुमति के अवैध मकान निर्माण कराए जाने पर तत्काल रोक लगाने के संबंध में आवेदन कलेक्टर कार्यालय में ग्रामीणों द्वारा दिया गया है। आवेदन में ग्राम लखनपुर रैयत पटवारी हल्का नंबर 114 राजस्व निरीक्षक मंडल अमरपुर के ग्रामीणों ने लेख किया कि ग्राम में शासकीय आवास प्लाट की भूमि खसरा नंबर 18 में दूसरे ग्राम के व्यक्ति बिना परमिशन लिए विमल कुमार बघेल पिता छोटे दास ग्राम खितौलीए ससुराल सारंगढ़ द्वारा अवैध मकान निर्माण करने के लिए गड्ढा खुदाई कर रहा है। यह दूसरे ग्राम का व्यक्ति है। ग्राम लखनपुर में न जॉब कार्ड है न राशन कार्ड है। समग्र आईडी और वोटर आईडी भी नहीं है। बावजूद इसके बगैर अनुमति के मकान का निर्माण किया जा रहा है जिससें हम सभी को आपत्ति है।ग्रामींणों द्वारा दूसरे ग्राम के निवासी विमल कुमार को लखनपुर में सरकारी में कदापि बसाना नहीं चाहते है। कलेक्टर से मांग की गईं है कि तत्काल अवैध मकान निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए। आवेदन देते समय ज्ञान सिंह सैयामए सुदेशए थानीए श्यामलालए धरम सिंहए द्वारका प्रसादए जगत सिंहए राम प्रकाश समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे।*

## राष्ट्रीय राज्य मार्ग निर्माण के लिए अधिग्रहण की गई भूमि का नही मिला मुआवजा

डिण्डौरी

जबलपुर से अमरकंटक तक निर्माण कराये जा रहे राष्ट्रीय राज्य मार्ग के लिए किसानों की अधिग्रहीत भूमि का अब तक मुआवजा नही मिला और किसान मुआवजा के लिये दफ्तरों के चक्कर काट रहे है। गत दिवस आयोजित जनसुनवाई में शाहपुर के शर्मापुर निवासी महिला ने भी मुआवजा राषि दिलाये जाने की मांग करते हुए कलेक्टर को लिखित षिकायत की है। जयमति बाई धार्वे पति प्रेमीदास धार्वे उम्र 65 साल ने आवेदन में उल्लेख किया हैए कि मेरा स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि ग्राम शर्मापुर पण्हण्नं 39 राजस्व निरीक्षक मंडल शाहपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 68 रकवा 2०01 हैक्टेयर भूमि स्थित है । जिसे राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिये अधिग्रहण कर लिया गया है । लेकिन अधिग्रहण की गई भूमि का अब तक मुआवजा नहीं दिया गया । महिला ने बतलाया कि इस बावद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भी आवेदन दिया गया थाए लेकिन कार्रवाई नहीं हुई संबंधित रोड निर्माण कंपनी द्वारा स्वामित्व की भूमि में निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है । मैं कल्याणी होने के साथ असहाय हूँ और निर्माण कार्य में रोक लगाने में सक्षम नहीं हूं । महिला ने मांग किया है कि उसकी अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा दिलाया जाये ।

## मेंहदवानी में सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा जी, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा जी के निर्देशानुसार एवं संभागीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार जी, जिला संगठन प्रभारी, श्री गिरीश द्विवेदी जी, जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम जी के मार्गदर्शन में व मंडल अध्यक्ष **सुदामा प्रसाद बर्मन जी** के नेतृत्व में मंगलवार को भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम तथा उनके सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री रामगोपाल साहू जी,दुर्गेश साहू जी, जिलाउपाध्यक्ष श्रीमती इंद्रावती धुर्वे जी,पूर्व मंडलाध्यक्ष वीरेंद्र साहूजी,मंडल अध्यक्ष सुदामा बर्मन जी,मंडल महामंत्री द्व रामस्वरूप साहू जी,शम्भू बरकड़े जी,मीडिया प्रभारीसंदीप रजक जी,मण्डलउपाध्यक्ष,बैजन्ती परस्ते,यशोदा पूसाम, महासिह उद्दे,सुदामा साहू,पवन साहू,मातु सिंह, विजय धुर्वे, नवल सिंह, जय श्री राम साहू,भद्दे कछवाहा, मनोज सोनवानी,मीडिया सहप्रभारी आशुतोष मसराम,देवी साहू,श्याम साहू,राजेश साहू,रामचरन विश्वकर्मा, ददुलाल,गोपाल धुर्वे, रविंद्र लारिया,शैलेंद्र कुलस्ते, बसंत यादव, शिवरतन कछवाहा, गजाधर साहू,संजयराज साहू,अब्दुल रहूप,राजकुमार साहू,ठग्गू लाल साहू एवं जनप्रतिनिधिगण (जनपद सदस्य एवं सरपंच) शक्ति केंद्र प्रभारी, पंच परमेश्वर बूथ अध्यक्ष बूथ महामंत्री सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## भारतीय वीर जवानों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

डिंडौरी .




भरतीय जनता पार्टी मंडल शाहपुर के द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकियों के हमलों का भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तान को घर में घुसकर जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर चलाकर कई आतंकी अड्डो का सफाया किया।इसके साथ ही पाकिस्तान के हमलों का ऐसा मुहतोड़ जवाब दिया कि पाकिस्तान कराह उठा और रहम की भीख मांगने को मजबूर हो गया।शाहपुर भाजपा मंडल के द्वारा भारतीय सेना के वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन हुआए जिसमें भारत माता के जयकारों की गूंज सुनाई दी।इस कार्यक्रम के मंडल प्रभारी महेश धूमकेती जिलाउपाध्यक्ष मनोहर ठाकुरए जिला मंत्री कीर्ति गुप्ताए जनपद उपाध्यक्ष रामकिशोरी ठाकुरए पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील रायए उपस्थित रहे कार्यक्रम में मंडल प्रभारी ने तिरंगा यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भरतीय सेना ने पाकिस्तान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया।उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान के घर में घुसकर भारतीय सेना ने ऑपरेशन षिंदूर ष्से आतंकी अड्डे तबाह किए साथ ही कहा की भारतीय सेना का दुनियां भर में परचम है।वहीं मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सेना को खुली छूट दी की आतंकीयों को अब मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है इसके बाद भारतीय सेना ने आतंकी और नापाक पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब दिया है कार्यक्रम में राजकुमार साहूएललिता मरावीएसुहागवती मालवेए कामता वरकड़े एसंगीता मरावी एसकोप सिंह सैयाम एरामानुज राव एराजू सोहन लाल बर्मन एराजेन्द्र तंतवाय एशर्मा एयदुनंदन नामदेव एराजेश ठाकुरए बलवंत कुशराम एकमलेश साहू एनीरज रजकएईश्वर दुबे एसंजू झारिया एराजकिशोर शुक्ला एराजेन्द प्रसाद राव एगोपी बंजारा एललित नायक एशकुन सांड्या एघनश्याम मरकाम एप्रेम लाल बनवासी एसहित गणमान्य नागरिक व्यापारीगण उपस्थित रहे ।

## सक्का में अवैध शराब बेचते ग्रामीण पकड़ाया

डिंडौरी।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सक्का में एक ग्रामीण के कब्जे से 14 पाव अवैध देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम सक्का में प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखे हुए है। मुखबिर की सूचना पर बताये गए स्थान पर रेड की गई तो वहां पर एक आदमी अपने हाथ में एक सफेद रंग की बोरी रखे हुये दिखायी दियाए जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगाए जिसे घेराबंदी कर रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय कुमार साहू पिता मदन साहू उम्र 24 साल निवासी ग्राम सक्का बताया। उसके पास रखी सफेद रंग की बोरी की तलाषी ली गई जिसमे 14 पाव देशी प्लेन मदिरा की शीशी रखी हुयी थीए उसे जप्त किया गया। अवैध देशी प्लेन मदिरा की कीमत करीब 980 रूपये है। आरोपी के विरूध्द धारा 34ए आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### आज निकाली जाएगी शौर्य यात्रा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते दिनो पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा नृशंस हमला किया गया, जिसमें मासूम नागरिकों की जानें गई। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में इस आतंकवादी हमले को करारा जवाब दिया है, जिसमें मातृ शक्तियों का विशेष योगदान रहा। देश के इस वीरतापूर्ण कदम का समर्थन करने हेतु नरसिंहपुर में शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन आज 22, मई को किया जा रहा है,जिसमें यात्रा शाम बजे से राम मंदिर तिलक वार्ड कंदेली से प्रारंभ होकर नगर की मेन रोड सिंहपुर चौराहा पुराने बस स्टैंड से होते हुए सुभाष पार्क में प्रबोधन के साथ संपन्न होगी। शौर्य सम्मान आयोजन समिति नरसिंहपुर द्वारा नगर एवं आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के सभी भगिनियों एवं बन्धुओं से यात्रा में शामिल होने हेतु आवाहन किया गया है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस करंट लगने से युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सतीश पिता गेंदालाल कहार उम्र 20 वर्ष निवासी सिंहपुर थाना स्टेशनगंज को सिंहपुर वेयर हाउस के पास काम करते समय कंरट लग गया जिसे उपचार हेतु परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस से शव को कब्जे में लेकर मर्ग प्रकरण तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनोा को सौंपा दिया।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सर्पदंश से महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फूलमती पति भवानी विश्वकर्मा उम्र 60 वर्ष निवासी गड़रिया थाना मुंगवानी को सर्प ने काट लिया जिसे परिजनो द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का परीक्षण हेतु रखवाया गया शव का परीक्षण आज कराया जावेगा।

### अज्ञात कारणों से दो मौत, जांच में जुटा प्रशासनिक अमला



**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी के ग्राम मुंगवानी टोला में अज्ञात कारणों से दो लोगों की मौत हो गई वही दो लोगों का उपचार जारी है। अचानक दो लोगों की मौत होने के कारण प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा जांच पड़ताल मे जुट गया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 9 बजे राजेश यादव उम्र 31 की वर्ष की मौत हो गई तो वहीं दोपहर तकरीबन 3 बजे के आसपास शांति बाई यादव उम्र 40 वर्ष की मौत हो गई है। वही अन्य दो लोगों का अस्पताल मे उपचार जारी है। मौके पर पुलिस के साथ राजस्व, पीएचई, स्वास्थ्य विभाग की टीम मृत्यु के कारणों को खोज रही है, मृतकों के सैम्पल लिए गए हैं ताकि मौत का कारण ज्ञात हो सके। ग्रामीणों का आरोप है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र मे पदस्थ डाक्टर कभी कभार ही अस्पताल आती है।

### स्कूलों का बदला जाये समय

**तेंदूखेड़ा ।** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से जहां आम जन जीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। वहीं इस भीषण गर्मी में कुछ प्राइवेट स्कूल अभी भी दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक लगाये जा रहे हैं। चूंकि इन स्कूलों में बच्चों को नहीं बल्कि शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कर्मियों का कहना है कि दोपहर की बजाय सुबह से दोपहर 12 बजे तक का समय ही करा दिया जाये जिससे कुछ राहत मिल सके। बाकी अन्य महीनों में शिक्षक और कर्मचारी स्वयं पर्याप्त समय देकर काम में जुटे रहते हैं।

# किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## चतुर्भुज कंपनी कार्रवाई की मांग, दिलाया जाए किसानों को भुगतान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**



गत दिवस किसानों द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया कि आर आर एग्रो बड़गांव शुगर मिल में गन्ना किसानों का 4 साल से भुगतान नहीं किया गया है लगभग 4.30 करोड रुपए बकाया है और मिल मालिक ने फर्जी तरीके से चतुर्भुज ट्रेडिंग कंपनी नाम से इस वर्ष 2025 से नगद में गन्ना खरीदने की बोलकर किसानों से 82 लाख का गन्ना और खरीद लिया है और अभी तक भुगतान नहीं किया है बंद पड़ी मिल को इन्होंने नाम बदलकर कैसे चालू किया यह सब प्रशासन की मिली भगत के कारण हुआ है कुछ किसानों ने मिल मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नई हुई हम प्रशासन से मांग रखते है कि मिल सील किया जाए और मिल मालिकों पर किसानों के साथ धोखा धड़ी करने का मामला दर्ज कराया जाए।

### कड़ी कार्रवाई की मांग

ज्ञापन में बताया गया है कि जिले की आर आर एग्रो कंपनी द्वारा चतुर्भुज कंपनी बनाकर बिना जीएसटी लिये किसान का गन्ना लिया और आर आर एग्रो को बेचकर फर्जीवाड़ा करने बालों पर कार्यवाही नहीं हुई किसान का पैसा खा गये साथ ही आरआर एग्रो पाँच करोड़ पहले से किसान का खाये बैठा है राहुल साव, कुंदन साव व मनोज गोस्वामी पर कड़ी कानूनी कार्यवाही होना चाहिए। पूर्व में कृषि मंडी नरसिंहपुर में एक बाहरी रोड को मंजूरी पिछले वर्ष दी गई थी मगर प्रशासनिक अधिकारियों कि डील के करने के 1 बर्ष उपरांत भी किसी भी प्रकार का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। किसानों कि सुविधा के लिए शीघ्र कार्रवाई की जाए। म.प्र. में 1958 गन्ना एक्ट कानून तो है जिससे सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता है परंतु अभी तक गन्ने कि रिकवरी के आधार पर मूल्यांकन का कानून म.प्र. शासन के पास नहीं है।

### बिजली की बताई समस्या

ज्ञापन मे बताया गया है कि जिले में मूंग व उड़द बड़े स्तर पर उत्पादन हो रहा है परन्तु बिजली की बहुत समस्या बनी हुई है यहां के जितने भी बिजली कि लाइन है उनके तार वर्षों से बदले नहीं है और भी जर्जर स्थित में है जिससे जन माल कि हानी होती रहती है और दूसरी समस्या यह है कि जितने भी ट्रांसफार्मर रखे है यह भार के हिसाब से छोटे हैं और उन पर आवश्यकता से अधिक भार है इस कारण आए दिन तार टूटना एवं ट्रांसफार्मर फैल होना जैसी समस्या अति रहती हैं जिससे 4-5 दिनों तक बिजली गोल रहती है महोदय फसल में भारी नुकशान होता है प्रशासन किसी तरह की देख-रेख नहीं करता है इसलिए महोदय जी से निवेदन है कि पावर हाउस में ट्रांसफार्मर लोड बढ़ाया जाए और पुराने लारी को बदलकर नए लार किया जाए और सम्बंधित अधिकारियों पर कर्यबाही करे। मिल मालिक किसानों का शोषण करते आदि लेकिन किन्ही कारण से भुगतान नहीं हो पता है तो 7 प्रतिशत ब्याज सहित रखते है जबकि नियम अनुसार किसानों का भुगतान 14 दिन के अंदर होना भुगतान होना चाहिए और प्रशासन और मिल मालिक मिलीभगत से पैसा नहीं मिल पता है है।

### पंजीयन केन्द्र किया जाए शुरू

ज्ञापन में बताया गया कि गन्ना उपसंचालक अभिषेक दुबे कि मिलीभगत के कारण निष्पक्ष या पारदर्शी रूप से गन्ना रिकव्हरी टेस्ट नहीं किया जा रहा है और न तो रिकव्हरी टेस्ट करने वाली मशीन अभी तक आपकी लापरवाही के चलते चालू नहीं हो पाई है जिससे पर रिकवरी पर प्रति क्विंटल पर गन्ना किसानों का नुकसान हो रहा है। किसानों के हित में उचित कर्यबाही की जाए जिससे किसानों की भरपाई मिल मालकों से कराया जाए तथा लापरवाह कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई की जाए। मूंग उड़द के खरीदी एवं पंजीयन केंद्र जल्द से जल्द चालू किये जाए जिससे किसान अपनी उत्पाद सुबिधा जनक तरीके से खरीदी केन्द्रों पर बेच सके ओर पंजीयन पोर्टल पर हो रही असुबिधा को ठीक की जाए। उक्त मौके पर बड़ी संख्या मे किसान मौजूद रहे।



## देवी अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला भाजपा कार्यालय में पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाई होलकर जी की 300 वां जयंति वर्ष के अवसर पर उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, पूर्व राज्यसभा कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्याति काकोड़यि ने उद्घाटन कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। तत्पश्चात देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म को देखा गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक हरिप्रताप ममार, जिला कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन, डॉ. अनंत दुबे, जिला संयोजक सोशल मीडिया श्रीकांत श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अबरार मंसूरी,मंडल अध्यक्ष नगर करेली जितेंद्र स्वामी, कमलेश कौरव, नगर महामंत्री रचना वर्मा, मयंक जैन, सरवरी सिद्दीकी, वैभव श्रीवास्तव, अमन चैरसिया, संजय नामदेव, हेमराज यादव, राजा साहू, सकुन नामदेव, केशवी कुशवाहा सहित भाजपा के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### रेलवे अंडरब्रिज के पास मिली लाश फैली सनसनी



**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशन गंज खमतरा रेलवे अंडरब्रिज के पास व्यक्ति की लाश मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव के कब्जे लेकर शिनाख्त की गई। पुलिस ने बताया कि मृतक सतेन्द्र पिता राजकुमार जैन उम्र 35 वर्ष निवासी इंद्रा वार्ड का शव खमतरा अंडरब्रिज के पास मिला पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# पैर से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क उपचार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**



आरबीएसके के अंतर्गत अनुष्का फाउंडेशन मुंबई द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन डॉ. जीसी चौरसिया की मौजूदगी में प्रति बुधवार क्लब फुट से ग्रसित बच्चों को निशुल्क उपचार जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में किया जायेगा। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जीसी चैरसिया, डॉ. प्रणव सेन एवं डॉ. नवनीत जैन के द्वारा उपचार किया जायेगा। उपचार के दौरान ऐसे क्लब फुट बच्चों का साप्ताहिक प्लास्टर लगाया जाता है व चीरा (टेनाटॉमी) किया जाता है। अनुष्का फाउन्डेशन द्वारा क्लब फुट शूज दिये जा रहे हैं। समस्त बच्चों को आरबीएसके के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. निखिलेश साहू, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. सरिता पटल द्वारा बच्चों के परिजनों को मसाज एवं पैरों की कसरत सिखाई जाती है, जिससे बच्चों के पैर ठीक होने में मदद मिलती है। जिले के डीईआईएम मैनेजर राकेश कुमार लोधी के मार्गदर्शन में एवं जिले के समस्त विकासखंड में पदस्थ आरबीएसके की टीम एवं जिले में कार्यरत अनुष्का फाउन्डेशन के परियोजना समन्वयक अभिषेक रैकवार द्वारा क्लब फुट वाले बच्चों के परिजनों को बुलाकर उन्हें उपचार के लिए परामर्श दिया जाता है। इस वर्ष आरबीएसके नरसिंहपुर एवं अनुष्का फाउन्डेशन मुंबई के समन्वय से जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के अस्थि रोग विभाग में 25 बच्चों का निरूशुल्क उपचार किया जा रहा है। इस दौरान 21 बच्चों को प्लास्टर, टेनाटॉमि के पश्चात निशुल्क क्लब फुट शूज दिये गये और 4 बच्चों को प्लास्टर लगाये गये। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत एवं सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से 16 जनवरी 2018 को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के ट्रामा सेंटर नरसिंहपुर में 2 से 18 वर्ष तक के टेढे- मेढे पैर से पीड़ति बच्चों की जांच एवं उपचार के लिए निरूशुल्क शिविर का सफल आयोजन किया। जिसमें 49 बच्चों का पंजीयन एवं 31 बच्चें सर्जरी के लिए चिंहिंत किए गए। जिन्हें ऑपरेशन के लिए नारायण सेवा संस्थान उदयपुर राजस्थान भेजा जावेगा। मरीज के साथ एक परिजन के आने जाने की व्यवस्था आरबीएस के द्वारा की जायेगी। बच्चों के ऑपरेशन में व्यय राशि का भुगतान उक्त संस्थान को नियमानुसार सामाजिक न्याय विभाग द्वारा किया जावेगा। शिविर में नारायण सेवा संस्थान के डॉ. बीआर शिन्दे, हरिप्रसाद लढा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. जीसी चैरसिया, डॉ. एआर मरावी, डॉ. के एस राजपूत, डॉ. एलके बायवार, हर्ष कुमारी ठाकुर एवं समस्त आरबीएस के टीम के सदस्य मौजूद थे।

## शहादत दिवस के रूप में मनाई स्व राजीव गाँधी की पुण्य तिथि



**तेंदूखेड़ा ।** कंप्यूटर क्रांति के जनक युवाओं को मतदान करने का अधिकार पंचायती राज व्यवस्था शिक्षा जैसे क्षेत्र में निर्णयों से आधुनिक भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी चांवरपाठा द्वारा ग्राम डोभी मैं मनाई गई ।जिसमे सभी उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व.राजीव गांधी की प्रतिमा पर तिलक लगाकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एवं उनके द्वारा आधुनिक भारत की कल्पना संचार क्रांति जैसे विंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई ।इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता केवल सिंह मातावरे ओमप्रकाश पटेल विश्वनाथ सिंह जनपद अध्यक्ष सोबरन सिंह राजेन्द्र जैन अरविंद जैन पंकज मनी जैन बाबूलाल राय सूर्यकांत दिवगैंया राजकुमार पटैल राजा राय राजेन्द्र पटैल गौरव सेन सरपंच प्रीतम पटैल देवेन्द्र पटैल जितेंद्र पटैल जगदीश चौरसिया पंडित जगदीश उदेनिया दलीप सिंह ठाकुर मनोज विश्वकर्मा पूरन मेहरा ब्रजेश खोजर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तेंदूखेड़ा में भी वार्ड क्रमांक 08 में कीरत पटेल के प्रतिष्ठान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### नहीं रहीं प्यारी बाई पटेल

**तेंदूखेड़ा गत दिवस ग्राम भामा के प्रतिष्ठित केवट पटेल परिवार की** शंकर लाल डालचंद पुरुषोत्तम पटेल की पूज्य माता जी प्यारी बाई पटेल का निधन हो जाने पर ग्राम के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी अपनी श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। प्यारी बाई पत्रकार राजेश पटेल की पूज्य दादी थीं।

### शिकायतों के बाद निराकरण नहीं

इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्यायों से हर वर्ग परेशान बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। हमारे प्रतिनिधि को किसान संघ के मीडिया प्रमुख सतीश पटेल ने बताया कि उनके द्वारा 1912 पर विगत 16 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन एक माह बीत जाने के बाबजूद भी समस्या का कोई निराकरण नहीं हुआ। यहां तक कि ओ आई सी से लेकर अधीक्षण यंत्री तक मोबाइल के माध्यम से अबगत भी करा दिया गया है । इसके बावजूद भी कोई निराकरण नहीं मिल रहा है ऐसी स्थिति में शीघ्र ही बड़े आंदोलन की रूपरेखा बना रहे है । गौरतलब रहे कि इन दिनों जमीनी जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण पानी की समस्या बनी हुई है। ऊपर से बिजली ना मिलने के कारण लोग निस्तार के लिए खेतों के मोटर पंपों और गन्ने मूंग उड़द की फसल में पानी नहीं दे पा रहे हैं।

### जल संरक्षण व संवर्धन की दिलाई शपथ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में सखिमिलन महिला संघ द्वारा जिले की ग्राम पंचायत इमलिया में जल संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। इस दौरान सभी को जल का सदुपयोग करने और दुरूपयोग रोकने की शपथ दिलाई। ब्लॉक समन्वयक श्रीमती माधवी पाठ ने कहा कि जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में हम सभी को जल का उपयोग करने और गांव में जल का दुरूपयोग को रोकने के लिए जागरूकता लानी होगी। उन्होंने जल की उपयोगिता को विस्तार से बताया। इस अवसर पर नवांकुर सखिमिलन महिला संघ समन्वयक मीनू मण्डलोई, परामर्शदाता और ग्रामीणजन मौजूद थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अमर शहीद स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। श्रद्धांजलि देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार दिलाने वाले, सद्भावना के अग्रदूत, पंचायती राज, सूचना, संचार एवं कम्प्यूटर क्रांति के जनक, दूरदर्शी सोच के धनी राजीव जी ने वर्षों पहले भारत में जिस कम्प्यूटर एवं सूचना क्रांति का बीज बोया, आज वह वट वृक्ष बन चुका है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल ने कहा कि भारत को महाशक्ति बनाने वाले, पंचायतीराज की स्थापना करने वाले, अठ्ठारह वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार देकर युवाओं को उनकी भागीदारी देने वाले, कंप्यूटर टेक्नोलॉजी में भारत को अगृसर करने वाले, मिसाइल, अंतरिक्ष सेटेलाइट की टेक्नोलॉजी में विश्व में भारत का डंका बजवाने वाले, देश को एकता और भाईचारे के सूत्र में पिरोने वाले, देश के लिए बलिदान देने वाले राजीव जी को देश कभी भूल नहीं सकेगा। डॉ संजीव चांदोकर,वरिष्ठ नेता मनोहर साहू के अलावा अन्य वक्ताओं ने भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की और देश के विकास में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू ने आभार व्यक्त किया। उक्त मौके पर भगवत सिंह जाट बड़डू भइया, कंछेदी पटेल जनपद उपाध्यक्ष, अस्सु नेमा ,विशाल राय ,बॉबी खान ,आशीष राजवैध, मुकेश कटारे, राजेंद्र नेमा, वीरेंद्र पाठक, ईशान राय, आशीष दुबे ,अभय राय, रजनीश सेन, गब्बर नोरिया आदि मौजूद थे।

